# त्रैमासिक परीक्षा हेतु प्रश्न बैंक

## कक्षा - 9 वीं

## विषय – हिन्दी

**सत्र -2025-26**

**नोट - विषय शिक्षक प्रश्न बैंक में समाहित प्रश्नों का उपयोग विद्यार्थियों के सीखने के स्तर एवं पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए त्रैमासिक परीक्षा का प्रश्न पत्र बनाते समय अनिवार्य रूप से करें।**

# स्टेट असेसमेंट सेल ,लोक शिक्षण संचालनालय ,म.प्र.,भोपाल

**त्रैमासिक परीक्षा हेतु अंक योजना ( सत्र 2025- 26)**
**कक्षा : 9 वीं , विषय -हिंदी)**

| स.क्र. | | इकाई एवं विषय वस्तु | आवंटित अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | | 1. ब्रिजकोर्स (कविता )<br>2. मिज़बान (लोककथा)<br>3. अन्तरिक्ष की सैर (विज्ञान परक लेख)<br>4. एक दिन भुज का (डायरी)<br>5. अब्राहम लिंकन का पत्र अपने पुत्र के शिक्षक के नाम (पत्र)<br>6. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम (आत्मकथा)<br>7. पंडित जसराज (साक्षात्कार)<br>8. हेलेन केलर (जीवनी) | 27 |
| 2 | | **क्षितिज भाग &1 काव्य खण्ड**<br>साखियाँ एवं सबद (कबीरदास)<br>कवि परिचय भावार्थ ( सन्दर्भ ,प्रसंग, भावार्थ, काव्य सौंदर्य)<br>सौंदर्य बोध तथा भाव एवं विषय वस्तु पर आधारित प्रश्न | 7 |
| 3 | | **क्षितिज भाग &1 गद्य खण्ड**<br>दो बैलों की कथा (प्रेमचन्द)<br>लेखक परिचय व्याख्या ( सन्दर्भ ,प्रसंग, व्याख्या , विशेष )<br>विषय वस्तु पर आधारित प्रश्न | 7 |
| 4 | | **कृतिका भाग-1**<br>इस जल प्रलय में (फनीश्वरनाथ रेणु)<br>पाठ पर आधारित प्रश्न | 7 |
| 5 | | **भाषा बोध –**<br>व्याकरण – तत्सम, तद्भव, उपसर्ग, प्रत्यय, पर्यायवाची, विलोम, मुहावरें एवं लोकोक्तियाँ विराम चिह्न, वर्तनी परिचय एवं सुधार, देशज शब्द, विदेशी शब्द, सन्धि परिचय एवं प्रकार , निपात शब्द | 12 |
| 6 | | **अपठित बोध –**<br>अपठित काव्यांश /गद्यांश | 04 |
| **7** | | **पत्र-लेखन** औपचारिक पत्र /अनौपचारिक पत्र | 04 |
| 8 | | अनुच्छेद लेखन /संवाद लेखन निबन्ध लेखन ( रूपरेखा सहित ) | 07 |
| | | | कुल अंक<br>75 |

## त्रैमासिक परीक्षा हेतु ब्लू प्रिंट, कक्षा – 9 वीं

**समय -3 घंटे** **विषय –हिन्दी** **पूर्णांक – 75**

| प्रश्न क्रमांक | प्रश्न | क्षितिज (काव्यखण्ड) | काव्यबोध | क्षितिज (गद्य खण्ड) | भाषाबोध | कृतिका | ब्रिजकोर्स | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सही विकल्प | 1 | | 1 | | 1 | 3 | 6 |
| 2 | रिक्त स्थान | 1 | | 1 | | 1 | 3 | 6 |
| 3 | सत्य /असत्य | 1 | | 1 | | 1 | 3 | 6 |
| 4 | सही जोड़ी | 1 | | 1 | | 1 | 3 | 6 |
| 5 | एक वाक्य | 1 | | 1 | | 1 | 3 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 6 | ब्रिजकोर्स | | | | | | | 2 |
| 7 | ब्रिजकोर्स | | | | | | | 2 |
| 8 | ब्रिजकोर्स | | | | | | | 2 |
| 9 | भाषा बोध | | | | | | | 2 |
| 10 | भाषा बोध | | | | | | | 2 |
| 11 | भाषा बोध | | | | | | | 2 |
| 12 | भाषा बोध | | | | | | | 2 |
| 13 | क्षितिज (काव्य खण्ड) | | | | | | | 2 |
| 14 | क्षितिज (गद्य खण्ड) | | | | | | | 2 |
| 15 | कृतिका | | | | | | | 2 |
| 16 | भाषा बोध | | | | | | | 2 |
| 17 | भाषा बोध | | | | | | | 2 |
| 18 | ब्रिजकोर्स | | | | | | | 3 |
| 19 | ब्रिजकोर्स | | | | | | | 3 |
| 20 | अनुच्छेद /संवाद लेखन | | | | | | | 3 |
| 21 | अपठित गद्यांश /काव्यांश | | | | | | | 4 |
| 22 | पत्र | | | | | | | 4 |
| 23 | निबन्ध | | | | | | | 4 |
| **कुल प्रश्न -23 , ब्रिजकोर्स 27 अंक , पाठ्यपुस्तक 48 , कुल अंक 75** | | | | | | | | **75** |

लोक शिक्षण संचालनालय

# प्रश्न-पत्र निर्माण हेतु विषय शिक्षक को निर्देश –

1. विषय शिक्षक प्रश्नपत्र निर्माण हेतु प्रश्नों का चयन करते समय प्रश्नबैंक में दिए गए हिन्दी विषय के त्रैमासिक परीक्षा हेतु तैयार की गई अंक योजना एवं ब्लू ब्लू प्रिंट का अध्ययन कर लें। ब्लू प्रिंट अनुसार ही प्रश्नों का चुनाव करते हुए प्रश्नपत्र का निर्माण करें | यह अवश्य ध्यान दें कि किसी प्रश्न का दोहराव नहीं हो |

2. प्रश्न पत्र के किसी प्रश्न का किसी अन्य चुने गये प्रश्न में उत्तर समाहित नहीं हो |

3. सही जोड़ी बनाइए वाले प्रश्न में स्तम्भ (अ) और उसकी सही जोड़ी बनाने हेतु स्तम्भ (ब) का विशेष ध्यान रखते हुए चयन किया जाये।

4. प्रत्येक प्रश्न के समक्ष उसके लिये आवंटित अंक अवश्य अंकित करें।

5. यदि प्रश्न बैंक में ऐसा कोई प्रश्न टंकण त्रुटिवश समाहित हो गया हो जो शैक्षणिक कैलेंडर में दिए गए अगस्त माह तक के पाठ्यक्रम से या संदर्भित इकाई के बाहर का हो तो विषय शिक्षक उस प्रश्न को प्रश्नपत्र में सम्मिलित नहीं करें।

6. विषय शिक्षक त्रैमासिक परीक्षा का प्रश्न पत्र बनाते समय विद्यार्थियों के सीखने के स्तर एवं पाठ्यक्रम पूर्णता को ध्यान में रखते हुए प्रश्न पत्र का निर्माण करें।

लोक शिक्षण संचालनालय

**त्रैमासिक परीक्षा**

**कक्षा – 9 वीं**
**विषय - हिन्दी**

**समय – 3 घंटा** **पूर्णांक – 75**

**निर्देश :-**

i. **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |**
ii. **प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं |**
iii. **प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं | प्रत्येक उप-प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित हैं |**
iv. **प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक कुल 12 प्रश्न हैं | प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं | शब्द सीमा लगभग 30 शब्द हैं |**
v. **प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक कुल 3 प्रश्न हैं | प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं | शब्द सीमा लगभग 75 शब्द हैं |**
vi. **प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक कुल 3 प्रश्न हैं | प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं | शब्द सीमा लगभग 120 शब्द हैं |**
vii. **प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं |**

---

**ब्रिजकोर्स की पाठ्यपुस्तक पर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्न -**

**1. सही विकल्प चयनकर लिखिए -** **(1x6=6)**

i. वर के विमल मौर में मोती कौन पिरोने वाली है ?
(अ) हवा (ब) उषा (स) निशा (द) दिशा
ii. प्रात: काल के समय को कहते हैं –
(अ) अलसुबह (ब) कलसुबह (स) पलसुबह (द) जलसुबह
iii.'अतिथि' शब्द का अर्थ है –
(अ) मेहमान (ब) भगवान (स) मिज़बान (द) आतिथ्य
iv. भुज किस राज्य में स्थित है ?
(अ) महाराष्ट्र (ब) मध्यप्रदेश (स) बिहार (द) गुजरात
v. अंतरिक्ष यात्री को रॉकेट द्वारा चलित स्लेज पर दिया जाता है -
(अ) भोजन (ब) पकवान (स) प्रशिक्षण (द) दबाव
vi. जो व्यक्ति अपनी किस्मत खुद रचते है, उन्हें कहते है –
(अ) साहसी (ब) आलसी (स) रचयिता (द) मेहनती
vii. 'धरती' शब्द का विलोम शब्द होगा –
(अ) जलद (ब) मेघ (स) आकाश (द) बादल
viii. कारक के प्रकार है –
(अ) चार (ब) पाँच (स) सात (द) आठ

**2. उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए –** **(1x6=6)**

i. स्वयं की कहानी ---------------कहलाती है । (जीवनी/आत्मकथा)

ii. पं. जसराज जी का पहला कार्यक्रम काठमांडू के----------------में हुआ । (भूटान /नेपाल)
iii. शम्सुद्दीन रामेश्वरम में ----------------के एक मात्र वितरक थे । (किताबों/अखबार )
iv. हम तो पापड़ ----------------ही भूल गए । (खिलाना/परोसना)
v. मेहमान को भोजन में सबसे ज्यादा ------------------पसंद था। (पापड़ /लड्डू)
vi. अन्तरिक्ष यात्री की उम्र ---------------वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए । (30/40)
vii. 'रन फॉर यूनिटी' मैराथन दौड़---------------- कि.मी. लंबी थी। (तीन/चार)
viii. दुष्ट व्यक्तियों के साथ-साथ आदर्श----------------भी होते हैं। (शिक्षक / प्रणेता)

**3. निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए –** **(1x6=6)**

i. 'दूर के ढोल सुहावने ' मुहावरे का अर्थ है – मूर्ख व्यक्ति ।
ii. हेलेन केलर ने पाँच बार विश्व भ्रमण किया था ।
iii. धोखे से सफलता पाना सम्मानजनक होता है।
iv. अंतरिक्षयान वायुयान का मिलाजुला रूप है ।
v. दूसरों को आतंकित करने वाला स्वयं बहादुर होता है ।
vi. हेलन केलर को तैराकी का बहुत शौक था।
vii. सर आइज़क न्यूटन ने गति के नियम की खोज की थी |
viii. अंतरिक्ष यात्री को भोजन में ठोस पदार्थ दिया जाता है |

**4. सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए –** **(1x6=6)**

| **स्तम्भ (अ)** | | **स्तम्भ (ब)** |
|---|---|---|
| i. सूरज का ब्याह | - | कठिनता से प्राप्त |
| ii. सम्माननीय | - | जलपान |
| iii. स्वल्पाहार | - | जहरीला |
| iv. साँप | - | वैज्ञानिक |
| v. दुर्लभ | - | मिट्टी |
| vi. साइंटिस्ट | - | रसराज |
| vii. मृतिका | - | आदर योग्य |
| viii. पं. जसराज | - | रामधारी सिंह 'दिनकर' |

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –** **(1x6=6)**

i. 'सूरज का ब्याह' कविता में सुहाग के गीत कौन गा रहा है?
ii. किसे छोड़ने पर किस्मत बनती है ?
iii. युक्ति भिड़ाना का क्या अर्थ है ?
iv. 'एक दिन भुज का' पाठ की विधा लिखिए ?
v. भारत के अंतरिक्ष केंद्र का नाम क्या है?

लोक शिक्षा संचालनालय

vi. हेलन केलर की पहली गुरु कौन बनी?
vii. विश्व का सबसे बड़ा अंतरिक्ष संस्थान कहाँ स्थित हैं?
viii. अब्राहम लिंकन ने पत्र किसको लिखा था ?

**क्षितिज भाग -1 एवं कृतिका भाग -1 पाठ्यपुस्तक पर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्न -**

**1. सही विकल्प चयनकर लिखिए -** **(1x6=6)**

i. झूरी के साले का नाम था -
(अ) दया (ब) गया (स) दयाल (द) राम
ii. ईश्वर ने बैलों को नहीं दिया –
(अ) घर (ब) वाणी (स) पैसा (द) भोजन
iii. 'गोई' शब्द का अर्थ है –
(अ) गाय (ब) जोड़ी (स) रस्सी (द) आम की गुठली
iv. कबीर की भाषा है –
(अ) सधुक्कड़ी (ब) ब्रज (स) अवधी (द) मैथिली
v. कबीरदास जी किस काल के कवि है ?
(अ) आधुनिक काल के (ब) आदिकाल के (स) भक्तिकाल के (द) रीतिकाल के
vi. 'इस जल प्रलय' में पाठ की विधा है –
(अ) नाटक (ब) रिपोर्ताज (स) कहानी (द) एकांकी
vii रेणु' का पूरा नाम है –
(अ) बागेश्वरनाथ रेणु (ब) तारकेश्वरनाथ रेणु (स) फणीश्वरनाथ रेणु (द) सोमेश्वरनाथ रेणु
viii. 'इस जल प्रलय ' में पाठ में बाढ़ किस नगर में आई है ?
(अ) पटना में (ब) गया में (स) राजस्थान में (द) भोपाल में

**2. उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए –** **(1x6=6)**

i. कांजी हौस में हाजिरी लेने -----------------आया था। (थानेदार/चौकीदार)
ii. झूरी के साले का नाम ------------------था। (गया/दया)
iii. लावारिस पशुओं को बंद करने का स्थान ---------------कहलाता है। (कांजी हौस/ अस्तबल)
vi. झूरी ने एक बार दोनों बैलों को ---------------भेज दिया । (ससुराल/गाँव)
v. प्रेमी ढूँढ़त मैं फिरौं, --------------- मिले न कोइ। (प्रेमी/रानी)
vi. मानसरोवर के जल में ------------क्रीड़ा कर रहे हैं। (हंस/बगुले)
vii. विभीषिका का अर्थ --------------- से है। (भयंकरता/डरना)
viii मृत्यु के तरल दूत को आता देख लेखक ने उसे -------------किया। (प्रणाम/अनुरोध)

**3. निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए –** **(1x6=6)**

i. 'बछिया के ताऊ' मुहावरें का अर्थ है – मूर्ख व्यक्ति ।

ii. भैरों की लड़की दोनों बैलों को घास खिलाने आती थी ।
iii. प्रेमचन्द जी का मूल नाम धनपत राय था ।
iv. ईश्वर काबा और कैलाश में मिल सकता है |
v. कबीर एक समाज सुधारक नहीं थे |
vi. 'इस जल प्रलय' में पाठ में लेखक तैरना जानते थे |
vii. लेखक फनीश्वरनाथ रेणु बाढ़ देखने अकेले ही निकल पड़े थे |
viii. 'इस जल प्रलय' में पाठ के लेखक जगदीशचंद्र माथुर हैं |

**4. सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए –** **(1x6=6)**

| | **स्तम्भ (अ)** | | **स्तम्भ (ब)** |
|---|---|---|---|
| i | कबीरदास | - | अंतिम सीमा |
| ii | पखा-पखी | - | मुंशी प्रेमचंद |
| iii | दो बैलों की कथा | - | मवेशीखाना |
| iv | कांजीहौस | - | हठी |
| v | पराकाष्ठा | - | पक्ष-विपक्ष |
| vi | अड़ियल | - | साखियाँ एवं सबद |
| vii | पटना | - | ढका हुआ |
| viii | आच्छादित | - | बिहार |

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –** **(1x6=6)**

i. सहिष्णुता शब्द का क्या अर्थ है ?
ii. झूरी के बैल किस नस्ल के थे ?
iii. कांजी हौस का चौकीदार क्या लेकर जानवरों की हाज़िरी लेने आता था ?
vi. कबीरदास ने ज्ञान की तुलना किससे की है ?
v. मनुष्य की श्रेष्ठता किसके कारण होती है ?
vi. कबीरदास ने किसका विरोध किया है ?
vii. 'इस जल प्रलय में' नामक पाठ में बाढ़ के पानी को क्या कहाँ गया है ?
viii. साक्ष्य पत्रिका के विशेषांक का नाम लिखिए |

6. (1) मिज़बान लोककथा के आधार पर दिए गए वाक्यों को क्रम से लगाकर पुन: लिखिए – **(2)**

- थाली परोसने पर मेहमान हाथ-मुँह धोकर बैठ गए ।
- हम बिना रोटी खाए तुम्हें नहीं जाने देंगे।
- एक परिवार में पति-पत्नी रहते थे।
- पति भोजन परोसने लगा और पत्नी गर्म-गर्म रोटी बनाने लगी ।

(2) मिज़बान लोककथा के आधार पर लिखिए की मेहमान कैसे थे ? और उन्हें भोजन में ज़्यादा क्या पसंद था ?

(3) निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए एक-एक वाक्य बनाकर लिखिए –
मेहमान, भोजन |

(4) 'रन फॉर यूनिटी' मैराथन दौड़ का उद्देश्य लिखिए |

लोक शिक्षा संचालनालय

7. (1) विशेषण किसे कहते हैं ? एक उदाहरण लिखते हुए समझाइए। **(2)**

(2) विशेष्य किसे कहते है ? एक उदाहरण लिखते हुए समझाइए।

(3) उपसर्ग किसे कहते है ? 'प्र' एवं 'अनु' उपसर्ग का प्रयोग करते हुए दो - दो शब्द बनाकर लिखिए |

(4) प्रत्यय किसे कहते है ? 'आवट' एवं 'इक' प्रत्यय का प्रयोग करते हुए दो - दो शब्द बनाकर लिखिए |

8. (1) अंतरिक्ष यात्री को प्रशिक्षण के दौरान किन – किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ? लिखिए । **(2)**

(2) अंतरिक्ष यात्री कौन होते है? और उनकी उम्र क्या होनी चाहिए ?

(3) डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम को अपने माता –पिता से कौन- कौन गुण विरासत में मिले थे ?

(4) डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के बचपन के मित्रों के नाम लिखिए |

9. (1) विराम चिह्न किसे कहते है ? **(2)**

(2) पूर्णविराम एवं प्रश्नवाचक चिह्न का प्रयोग कब किया जाता है ? एक –एक वाक्य में दोनों चिह्नों का प्रयोग कर लिखिए ।

(3) कारक किसे कहते है ? कारक के कितने भेद होते है ?

(4) निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्नों का प्रयोग कर वाक्यों को पुन: लिखिए –

i. क्या कल तुम विद्यालय आओगे

ii. वाह कितना सुन्दर दृश्य है

10. (1) तत्सम शब्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए । **(2)**

(2) तद्भव शब्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ।

(3) देशज शब्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ।

(4) विदेशी शब्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ।

11. (1) निम्नलिखित शब्दों की संधि कर लिखिए - **(2)**

देव + आलय , सु + आगत , पौ + अक , सुर + ईश ।

(2) निम्नलिखित मूल शब्दों के बाद दिए गए शब्दांश को जोड़कर शब्द बनाकर लिखिए –

विज्ञान +इक, दुकान + दार, सम्मान + इत, पालन + हार ।

(3) सन्धि किसे कहते है ? सन्धि के प्रकारों के नाम लिखिए |

12. (1) विलोम शब्द किसे कहते है ? सदुपयोग एवं विश्वास शब्द के विलोम लिखिए ।
**(2)**

(2) पर्यायवाची शब्द किसे कहते है ? सूर्य एवं भूमि शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए |

(3) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए –

आग , नेत्र , फूल , आकाश ।

13. (1) मानसरोवर से कवि कबीरदास का क्या आशय है ? **(2)**

(2) मनुष्य ईश्वर को कहाँ-कहाँ ढूँढता फिरता है ?

(3) कवि कबीर ने सच्चे प्रेमी की क्या कसौटी बताई है?

14. (1) झूरी काछी के बैलों के नाम लिखिए और गया के घर से भागने के बाद बैल भूख से व्याकुल होकर किस खेत में घुस गए थे ? **(2)**

(2) कांजी हौस में कैद पशुओं की हाज़िरी क्यों ली जाती होगी ? लिखिए ।
(3) किन घटनाओं से पता चलता है कि हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी ? लिखिए ।

15. (1) बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में कौन-कौन सी बीमारी फैलने का खतरा होता है ? **(2)**
(2) फणीश्वरनाथ रेणु के मित्रों के नाम लिखिए ।
(3) गोलम्बर के पास जनसंपर्क की गाड़ी क्या ऐलान कर रही थी ।

16. (1) मुहावरें और लोकोक्ति में कोई-दो अंतर लिखिए । **(2)**
(2) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ एवं वाक्यों में प्रयोग कर लिखिए –
i. फूला न समाना ii. दिन रात एक करना ।
(3) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ एवं वाक्यों में प्रयोग कर लिखिए –
i. नौ दो ग्यारह होना ii. तिल का ताड़ बनाना ।

17. (1) निपात शब्द किसे कहते ? उदाहरण से स्पष्ट कर लिखिए । **(2)**
(2) निम्नलिखित निपात शब्दों का प्रयोग करते हुए एक-एक वाक्य बनाकर लिखिए –
केवल, ही, तक, तो ।
(3) समान अर्थ प्रकट करने वाले शब्द युग्म ‘आज्ञा’ और ‘अनुमति’ का सरल वाक्य में प्रयोग कर लिखिए ।

18. (1) वर्तनी किसे कहते है ? निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कर पुन: लिखिए । **(3)**
आशीवार्द , कम्पुटर
(2) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए –

विमल , प्रयोगशाला, मृदुभाषी, श्रोता , ताउम्र , निधन

(3) तुकांत शब्द की परिभाषा लिखते हुए निम्न शब्दों के एक-एक तुकांत शब्द लिखिए-
(i) सजावट (ii) वर्ष ।

19. (1) पेड़ – पौधों की आवश्यकता हमें क्यों है ? अपने विचार लिखिए । **(3)**
(2) जब आप किसी उत्सव या समारोह में जाते है तो क्या –क्या तैयारी करते है ? लिखिए ।
(3) हमें अपने पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए क्या –क्या कदम उठाने चाहिए ? अपने शब्दों में लिखिए ।

20. (1) ‘जीवन में जल का महत्त्व’ विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए । **(3)**
(2) स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के संबंध में दो विद्यार्थियों के मध्य संवाद (बातचीत) लिखिए ।
(3) त्रैमासिक परीक्षा की तैयारी के संबंध में शिक्षक और विद्यार्थी के मध्य संवाद (बातचीत) लिखिए ।

**21. निम्नलिखित अपठित काव्यांश अथवा गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(4)**

(1) छोड़ो मत अपनी आन, शीश कट जाए,
मत झुको अनय पर भले व्योम फट जाए।
दो बार नहीं यमराज कंठ धरता है
मरता है जो, एक ही बार मरता है।
तुम स्वयं मरण के मुख पर चरण धरो रे!
जीना हो तो मरने से नहीं डरो रे!



लोक शिक्षण संचालनालय

स्वातंत्र्य जाति की लगन व्यक्ति की धुन है,
बाहरी वस्तु यह नहीं भीतरी गुण है।
नत हुए बिना जो अशनि-घात सहती है,
स्वाधीन जगत में वही जाति रहती है।
वीरत्व छोड़, पर का मत चरण गहो रे !
जो पड़े आन, खुद ही सब आग सहो रे!

प्रश्न – i. 'मरण' और 'गुण' शब्द के विलोम लिखिए ।
ii. वीरता छोड़कर दूसरों के सहारे जीने की बात नहीं सोचना चाहिए। यह भाव किस पंक्ति में व्यक्त हुआ है?
iii. उपर्युक्त काव्यांश  का मूल भाव अपने शब्दों में लिखिए ।

(2) 'कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।
लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती।
नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है ।
चढ़ती दीवारों पर सौ बार फिसलती है।
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है ।
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है।
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती।
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती ।'

प्रश्न- (क) चींटी की मेहनत बेकार क्यों नहीं होती ?
(ख) 'कोशिश' का पर्यायवाची शब्द लिखिए |
(ग) काव्यांश का उचित शीर्षक दीजिए |

**अथवा**

(1) यह धरती लाखों वर्ष पुरानी है। बहुत दिनों तक इसमें कोई आदमी न था। एक समय ऐसा था कि इस धरती पर कोई प्राणवान वस्तु न थी। आज यह दुनिया हर तरह के आदमियों और जानवरों से भरी है। एक समय ऐसा था जब धरती बहुत गर्म थी, इसलिए कोई जानदार चीज इस पर नहीं रह सकती थी। यह सब बाते हमें किताबों से मिली हैं। इसलिए हमे पुस्तकों / किताबों को मित्र बनाना चाहिए, ताकि हम अतीत की जानकारी के साथ भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकें।

प्रश्न – i. 'मार्ग' और 'धरती' शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए ।
ii. यह धरती कितने वर्ष पुरानी है?
iii. हमें पुस्तकों/किताबों को मित्र क्यों बनाना चाहिए ।

(2) पढ़ना और घूमना यह दोनों क्रियाएँ हमारे लिए आवश्यक हैं। दोनों ही हमें ज्ञान, अनुभव के साथ-साथ समझदारी भी देती हैं। तरह-तरह की पुस्तकें पत्र-पत्रिकाएँ पढ़ने से जहाँ ज्ञान मिलता हैं, वहीं दूसरी और जगह-जगह घूमने से अनुभव। भारत में भी घूमने के लिए अनेक प्रसिद्ध स्थल हैं। इसके उत्तर में बर्फ, दक्षिण में समुद्र, पूर्व में बड़े-बड़े मैदान, तो पश्चिम में रेगिस्तान के साथ समुद्र भी हैं। जब हम भारत का भ्रमण करते हैं, तो उसकी संस्कृति सभ्यता तथा विविधता से परिचित होते हैं।



लोक शिक्षा संचालनालय

प्रश्न - (i) हमारे लिए क्या आवश्यक है ?
(ii) पुस्तकें पढ़ने से हमें क्या मिलता है?
(iii) भारत के पश्चिम में क्या है?
(iv) 'बड़े-बड़े मैदान' में विशेषण शब्द क्या है ?

(3) श्रम-साधना करने वाले को यश प्राप्त होता है और वैभव भी। श्रम करके एक निर्धन परिवार का बालक भी उच्च पद पर आसीन हो जाता है और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति बदल देता है। श्रम करके हमें अलौकिक आनंद की प्राप्ति होती है तथा परम संतोष का अनुभव होता है। श्रम करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। शारीरिक श्रम करने वाले प्रायः दीर्घजीवी होते हैं। श्रम करने वाला विकट परिस्थितियों में भी नहीं घबराता है। आत्मविश्वास उनका रक्षक बन जाता है परिश्रम सफलता का मूलमंत्र है। बिना परिश्रम किए किसी को भी सफलता नहीं मिलती है। यदि मिलती है तो वह स्थायी नहीं होती। परिश्रम व्यक्ति में आत्मसंतोष और आत्मनिर्भरता की भावना लाता है। परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। अतः परिश्रमी बनो।

प्रश्न – (क) 'श्रम' का पर्यायवाची शब्द लिखिए।
(ख) सफलता का मूलमन्त्र क्या है ?
(ग) श्रम करने वालों का रक्षक कौन होता है ?

22. (1) अपने विद्यालय के प्राचार्य को शाला शुल्क से मुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखिए । **(4)**
(2) अपने कक्षा अध्यापक को चार दिन के अवकाश हेतु आवेदन पत्र लिखिए ।
(3) अपने विद्यालय के प्राचार्य को स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन पत्र लिखिए ।

**अथवा**

(1) वार्षिक परीक्षा में कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिए ।
(2) अपने मित्र को जन्मदिवस के उपलक्ष्य में बधाई पत्र लिखिए ।
(3) समय के सदुपयोग और परिश्रम पर बल देते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए ।

**23. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रुपरेखा सहित सारगर्भित निबन्ध लिखिए- (4)**

i. मेरी प्रिय पुस्तक
ii. पर्यावरण प्रदूषण : कारण एवं निदान
iii. जीवन में खेलों का महत्त्व
iv. विद्यालय में मेरा पहला दिन
v. आदर्श मित्र
vi. जल ही जीवन है
vii. स्वच्छ भारत अभियान
viii. मोबाइल फोन के लाभ एवं हानि

---------------------------------------------------**000**---------------------------------------------------------